हरिभूमि

संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

[राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव]

कलेक्टर ने दिए कृषि और उद्यानिकी विभाग को आंकलन के निर्देश

तूफान से हजारों एकड़ फसल चौपट किसानों ने लगाई मुआवजे की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अर्नब तूफान का अंचल में असर, अब सामने आने लगी खेतों की सच्चाई

चक्रवात अर्नब की वजह से आंधी-बारिश के चलते जिले के कई क्षेत्रों में धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। खेतों में पानी भरने और तूफान से धान की खड़ी फसल झुककर पानी में डूब गई है।



अर्नब तूफान के चलते बीते चार दिनों से मौसम में बदलाव बना हुआ है। जिसके चलते धान और उद्यानिकी फसलों को नुकसान पहुंच रहा है। सबसे ज्यादा नुकसान धान की फसलों को दिखाई दे रहा है। तूफान और बारिश की वजह से खेतों में धान की खड़ी फसल डूब चुकी है। जिससे किसानों को काफी नुकसान पहुंचेगा। मौसम को लेकर पहले ही किसानों की चिंता बढ़ी हुई थी। कुछ क्षेत्रों में धान पककर कटाई की स्थिति में पहुंच गई थी और कुछ जगहों पर फसल थोड़ा पकना बाकी था। ऐसे में तबाही की इस तूफानी बारिश ने खेतों में खड़ी फसल को चौपट कर दिया है।

हजारों किसानों की फसल हुई बर्बाद

तूफान और दो दिनों की बारिश में जिलेभर में हजारों किसान की सैकड़ों एकड़ फसल खराब हुई है। धान की फसल के नुकसान को लेकर अब तक जिलेभर से लगभग साढ़े तीन हजार किसानों ने टोल-फ्री नम्बर पर कॉल कर अपने फसल नुकसान की जानकारी दी है। इधर पटवारी अपने विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। ऐसे में पटवारियों के हड़ताल के चलते भी फसल क्षति के आंकलन को लेकर समस्या आएगी।

कर्ज माफी की गुहार : चक्रवर्ती तूफान में हुई फसल नुकसान की क्षतिपूर्ति देने की मांग को लेकर जिले के घुमका क्षेत्र के ग्राम पटेवा से किसान कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे। यह उन्होंने कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर फसल को काफी नुकसान होने की बात कही। किसानों ने कहा कि तूफान और बारिश से धान की फसल खराब हो गई है। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे किसान तेजराम साहू, खिलेश्वर साहू, खेमन दास, प्रीतम साहू, आशीष कुमार, मोहनलाल, प्रमोद कुमार सहित अन्य किसानों ने कहा कि तूफान और बारिश से फसल चौपट हो गई है। उन्होंने कहा कि खड़ी फसल खेत में ही सो गई है, पानी में फसल के डूबने से फसल खराब हो जाएगी। किसानों ने प्रदेश सरकार से क्षतिपूर्ति राशि देने और कर्ज माफ करने गुहार लगाई है।

फसल क्षति के सर्वेक्षण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता : कलेक्टर

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने चक्रवाती तूफान के प्रभाव से जिले में हुई फसल क्षति का आंकलन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कृषि, उद्यानिकी एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल सर्वेक्षण कर फसलों को हुई क्षति का वास्तविक आंकलन करने और निर्धारित प्रपत्र में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देशित किया है। कलेक्टर ने कहा कि चक्रवाती तूफान के प्रभाव से हुई बारिश एवं प्रतिकूल मौसम के कारण धान सहित अन्य कृषि एवं उद्यानिकी फसलों को हुई संभावित क्षति का गंभीरता से आंकलन किया जाए। उन्होंने सभी तहसीलदारों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को मैदानी अमले के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों में सर्वेक्षण कर फसल क्षति की जानकारी संकलित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने फसल क्षति के सर्वेक्षण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते शीघ्र रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि प्रभावित किसानों की जानकारी राज्य शासन को समय पर भेजी जा सके।

पीछे से आ रही ट्रक ने मारी ठोकर दोस्त से मिलने आए युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ट्रक चालक की तलाश में जुटी पुलिस

शहर से लगे हुए पेंड्री इलाके के समीप नेशनल हाईवे में एक बार फिर सड़क हादसा देखने को मिला है। दो पहिया वाहन में आ रहे युवकों को तेज रफ्तार ट्रक द्वारा पीछे से ठोकर मारे जाने के बाद ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। वहीं घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक मोक्ष सोनी उम्र 22 वर्ष दुर्ग निवासी अपने अन्य तीन दोस्तों के साथ पेंड्री स्थित एक ढाबा से लौट रहे थे। इस दौरान गौशाला के सामने एनएच में तेज रफ्तार से आ रही राजस्थान पासिंग की एक ट्रक ने उन्हें पीछे से ठोकर मार दी। इस ठोकर के बाद दो पहिया वाहन में पीछे बैठे मोक्ष ट्रक के टायर के नीचे आ गए और घिसटने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि पुलिस ने इस मामले में ट्रक वाहन क्रमांक आरजे-07-जीसी-7618 के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 एक के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि ट्रक चालक को पकड़ने के लिए पुलिस ने पाइंट भी लगाए थे, लेकिन चालक पाइंट तक पहुंचा ही नहीं। हालांकि पुलिस टीम उसकी जांच में जुटी हुई है।

दोस्त से मिलने आया था मोक्ष

बताया गया कि मृतक मोक्ष सोनी दुर्ग में रहता है। वह गुरुवार की शाम ही अपने राजनांदगांव निवासी मित्र से मिलने आया था। इस दौरान अन्य दो दोस्तों के साथ कुल चार दोस्त चाय पीने के लिए पेंड्री स्थित ढाबा गए थे। वहां से लौटते वक्त ही रात करीबन साढ़े आठ बजे यह हादसा पेंड्री स्थित गौशाला पिंजरापोल के सामने एनएच में हुआ।

लगातार हो रहे हादसे

उल्लेखनीय है कि नेशनल हाईवे के दोनों तरफ इन दिनों सर्विस लाइन बनाने का काम चल रहा है। काम अभी पूरा नहीं हुआ है। यही कारण है कि एनएच की मुख्य सड़कों में ही भारी वाहनों के साथ ही छोटे वाहनों को भी आवागमन करना पड़ रहा है। पेंड्री स्थित चौक में पिछले कुछ समय से लगातार सड़क हादसे देखने को मिल रहे हैं। पिछले दो महीने के भीतर ही छह से अधिक गंभीर हादसे इस इलाके में दर्ज किए जा चुके हैं।







खबर संक्षेप



खेल अधिकारी हथेल सम्मानित

डोंगरगढ़। महामहिम राज्यपाल रेमन डेका ने मोहला मानपुर के जिला खेल अधिकारी विनोद हत्थेल को उनकी दीर्घ कालीन सेवा के लिए सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हे भारत स्काउट एवं गाइड्स में 20 वर्षों से निस्वार्थ कार्य करने के लिए प्रदान किया गया है। सम्मानित होने पर हथेल परिवार, सुदर्शन समाज उन्हे बधाई दी है।

बैडमिंटन स्पर्धा में मिला उपविजेता का खिताब



डोंगरगांव। शासकीय देवीप्रसाद चौबे महाविद्यालय गंडई में गत दिनों राजनंदगांव सेक्टर स्तरीय पुरुष बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में स्थानीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय की तीन सदस्यीय टीम ने भाग लिया। उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय की टीम उपविजेता रही। टीम में शामिल गौरव सोनी ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जगह सुनिश्चित किया। इस टीम में गौरव सोनी, शौर्य लोढ़ा, ललित ठाकुर, कोच मैनेजर के रूप में अतिथि कीड़ा अधिकारी रोशन पटेल शामिल थे।

आत्मानंद स्कूल के दो ने जीता गोल्ड मेडल



डोंगरगांव। 26वीं स्कूल राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में स्थानीय पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल के खिलाड़ियों ने कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक हासिल किया है। उनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रतियोगिता के अंडर 14 बालक वर्ग के 40 किलोग्राम वर्ग में रुद्र प्रताप साहू ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं अंडर 19 बालक वर्ग के 35 किलोग्राम वर्ग में चेतन आनंद साहू ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। रुद्र प्रताप साहू पंजाब तथा चेतन आनंद साहू तेलंगाना में आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस सफलता में खेल शिक्षक हारून कुरैशी का मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण महत्वपूर्ण रहा।

चार दिन में मिला विवाह पंजीयन प्रमाण-पत्र



छुईखदान । विवाह पंजीयन प्रक्रिया को सेवा सेतु पोर्टल ने सरल और सुविधाजनक बना दिया है। ठाकुरटोला के गणपत धुर्वे एवं हंसलेखा धुर्वे का विवाह पंजीयन आवेदन मात्र चार दिन में अनुमोदित हो गया। गणपत एवं हंसलेखा का विवाह 27 मार्च को हुआ था। विवाह पंजीयन के लिए उन्होंने 16 अक्टूबर को सेवा सेतु पोर्टल पर आवेदन किया। विवाह पंजीयक कार्यालय ने 20 अक्टूबर को आवेदन अनुमोदित कर डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त विवाह पंजीयन प्रमाण-पत्र जारी कर दिया। विवाह पंजीयन प्रमाण-पत्र मिलने से दंपति के पास अब अपने विवाह का आधिकारिक दस्तावेज उपलब्ध है।

बेमौसम बारिश से किसान परेशान, मुआवजे की मांग ने पकड़ा जोर

चक्रवाती तूफान के बाद खेतों में सोई फसल, बर्बादी का मंजर



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

समुद्री तूफान अर्नब के प्रभाव से हुई बेमौसम बारिश और खराब मौसम ने अंचल के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बारिश के कारण खेतों में खड़ी फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है और किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है, जिससे अन्नदाता किसान आर्थिक संकट में आ गए हैं।

किसानों को हुए नुकसान को देखते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कपिनाथ महोबिया ने प्रशासन से प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल फसलों का सर्वे कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण जिन किसानों की फसलें प्रभावित हुई हैं, जिन्हें राहत पहुंचाना शासन की जिम्मेदारी है। नुकसान की भरपाई के लिए किसानों को प्रति एकड़ 15 से 20 हजार मुआवजा दिया जाना चाहिए साथ ही पात्र किसानों को फसल बीमा की राशि भी शीघ्र प्रदान की जाए। श्री महोबिया ने कहा कि किसान पहले ही महंगाई के कारण आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं। अब बेमौसम बारिश ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। प्रशासन को किसानों की पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए बिना देरी किए सर्वे और मुआवजा वितरण की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए।

किसानों का कर्ज हो माफः किसान संघ

राजनांदगांव। अर्णब तूफान के चलते किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है। खेतों में लहलहाती धान की फसल जमीन पर बिछ गई है। फसल के गिरने से किसानों को आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। किसान संघ ने कहा है कि किसानों ने कड़ी मेहनत कर फसल तैयार किया था। खाद, बीज, कीटनाशक, सिंचाई और मजदूरी पर हजारों खर्च किया , लेकिन प्राकृतिक आपदा ने किसानों के सामने गहरा संकट खड़ा दिया है। प्रदेश किसान संघ ने राज्य सरकार से तूफान से प्रभावित किसानों के खेतों का तत्काल सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। संघ ने प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहे किसानों का संपूर्ण कृषि ऋण माफ करने की मांग की है ताकि किसान इस संकट से उबर सकें।



किसानों को मिले उचित मुआवजा



तुमड़ीबोड़। जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव ने चक्रवाती तूफान से किसानों की फसलों को हुए नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार से सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार केवल सुशासन के दावे और वादे करने तक सीमित न रहे, बल्कि संकट की घड़ी में किसानों के लिए ठोस कदम उठाए। उन्होंने कहा कि दीपावली को कुछ दिन शेष हैं, लेकिन फसलों को हुए नुकसान के कारण किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी है कि वह किसानों की पीड़ा को समझे और दीपावली से पहले प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देकर राहत प्रदान करे।

सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दे सरकारः विष्णु



डोंगरगढ़। कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने अर्नब चक्रवाती तूफान से फसल को हुए नुकसान पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार से सर्वे कराने और प्रभावित किसानों को क्षतिपूर्ति देने की मांग की है।उन्होंने बताया कि तूफान से डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया एवं राजनांदगांव विकासखंड में हवा और बारिश के कारण खेतों में खड़ी धान की फसल जमीन पर बिछ गई है। सब्जी उत्पादक किसानों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि किसानों ने जमा पूंजी लगाकर फसल तैयार किया था जो पूरी तरह बर्बाद हो गई है और किसान आर्थिक संकट में आ गए हैं। उन्होंने चारों विकासखंडों में सर्वे कराने और प्रभावित किसानों को प्रति एकड़ उचित मुआवजा देने की मांग की है।

किसानों को आश्वासन नहीं समय पर मिले राहत : छन्नी



छुरिया। पूर्व विधायक छन्नी चन्दू साहू ने भारी बारिश से किसानों को हुए नुकसान पर चिंता व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार से अपेक्षा करते हुए कहा कि

अन्नदाता को केवल सांत्वना देने के बजाए ठोस सहायता करने की पहल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों को आश्वासन नहीं बल्कि नुकसान का आकलन और समय पर मुआवजा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेतों तक पहुँचकर वास्तविक क्षति का सर्वेक्षण होना चाहिए। प्रभावित किसानों को फसल बीमा का लाभ, उचित आर्थिक सहायता और कर्ज के बोझ से राहत दिलाने के लिए तत्काल कदम उठाए जाने चाहिए। यह भी सुनिश्चित होना चाहिए कि राहत की प्रक्रिया कागजी औपचारिकताओं में उलझकर न रह जाए और सहायता वास्तविक पीड़ित किसान तक पहुँचे।

सरकार ले तुरंत निर्णय

श्रीमति साहू ने कहा कि प्रशासन को यह समझना होगा कि फसल का नुकसान केवल खेत तक सीमित नहीं रहता। इसका असर किसान के पूरे परिवार पर पड़ता है। उसकी आजीविका, बच्चों की पढ़ाई, घरेलू जरूरतें और अगली फसल की तैयारी सब प्रभावित होते हैं इसलिए राहत भी ऐसी होनी चाहिए, जो किसान को इस संकट से उबरने का वास्तविक अवसर दे। पूर्व विधायक साहू ने किसानों की पीड़ा की बड़ी चिंता करते हुए कहा कि प्रकृति पर किसी का नियंत्रण नहीं, लेकिन आपदा के बाद सरकार और प्रशासन की संवेदनशीलता, तत्परता और जवाबदेही तो उनके हाथ में है। मौसम की मार को रोका नहीं जा सकता, मगर उसके कारण किसान को आर्थिक तबाही के हवाले होने से बचाने के उपाय जरूर किए जा सकते हैं।

मानव जीवन के लिए खतरा है जहरीली खेती : केलकर

जैविक खेती पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

प्रत्येक मां बाप का पहला सपना होना चाहिए कि उनके बच्चे स्वस्थ, तंदरूस्त, ऊर्जावान बने। बच्चों को जहरीले अनाज नहीं पौष्टिक, विष रहित अनाज मिले। यह तभी संभव है जब हम गौ आधारित खेती करेंगे। हमें गांव को स्वर्ग और खेतों को मंदिर बनाना है। हमें धरती माता, फसल, वृक्षों, जीवों से प्रेम करना होगा।

उक्त बातें नगर के लोधी भवन में आयोजित गौ आधारित जैविक कृषि प्रशिक्षण एवं प्रेम की खेती कार्यक्रम में प्रशिक्षक वैज्ञानिक अजीत केलकर एवं रवि केलकर बंधुओं ने कहीं। अजीत केलकर ने कहा हमें फसलों, जीवों, वृक्षों, धरती माता के प्रति वैसा ही व्यवहार करना चाहिए जैसा हम अपने साथ चाहते हैं। उन्होंने पूछा क्या हम चाहेंगे कि कोई हमें जहरीला पदार्थ खिलाए, आवश्यकता से अधिक जबरदस्ती खिलाए। उन्होंने ने कहा हमें खेती की लागत कम करना होगा। गौ आधारित खेती करना होगा। शास्त्रों में कहा गया है कि गौमय वसते लक्ष्मी, अर्थात हम गोबर के उपयोग से अष्ट लक्ष्मी अर्थात धन, स्वस्थ्य मन, स्वस्थ शरीर आदि प्राप्त कर सकते हैं। प्रेम की खेती का मतलब खेत से प्रेम करो, जमीन से प्रेम करो, फसल से प्रेम करो, वृक्षों से प्रेम करो। जब हम किसी से प्रेम करते हैं तो उसके साथ अन्याय नहीं करते।



चुकाए धरती का कर्ज

उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि कृषि वैज्ञानिक अजीत केलकर एवं रवि केलकर थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष बिशेषर सिंह पटेल ने की। इस मौके पर मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, लोधी समाज के जिला अध्यक्ष ओमकार, गौ शाला अध्यक्ष गोविंद चोपड़ा, पंजीयक राज्य गौ सेवा आयोग समीर शर्मा, सामाजिक समरसता प्रांत सह संयोजक प्रकाश यादव, अन्ना सभारे, जितेन्द्र साहू, तरूण, जैविक कृषक कमलेश्वर लोधी मौजूद थे।गौ सेवा आयोग अध्यक्ष बिशेषर पटेल ने कहा कि धरती मां, गौ माता, केंद्रित, फसल, वृक्षों से प्रेम करें, अपनी गौ मां, धरती मां के प्रति हमें अपने कर्तव्यों का पालन करना होगा। पंजीयक समीर शर्मा ने कहा यहां प्रशिक्षण लेकर हमें उसका पालन करना है एवं दूसरों को भी प्रेरित करते हुए प्रशिक्षण देना है।

बाजार के चक्रव्यूह में फंसा किसान

उन्होंने कहा किसान से बड़ा वैज्ञानिक नहीं है, लेकिन आज किसान अपनी ताकत, क्षमता भूल गया है, वह बाजार के चक्रव्यूह में उलझ गया है। बाजार तंत्र ने किसानों को बाजार आधारित खेती करने के लिए भ्रमित किया है। यह मार्केट आधारित कृषि नहीं, मारकाट आधारित कृषि है। केलकर बंधुओं ने उदाहरण सहित बताया कि कैसे सुनियोजित तरीके से विश्व बाजार ने भारतीय किसानों को अपने चक्रव्यूह के जाल में फंसा लिया है। गौ आधारित जैविक कृषि प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को समापन होगा। शिविर में प्रदेश के 200 से अधिक गौ सेवक, कृषक, गौशाला प्रतिनिधि सम्मिलित हुए हैं।

नीतियों में हो सुधार

बम्लेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा सरकार की नितियां भी जहरीली खेती के लिए जिम्मेदार है। ऐसी परिस्थिति बनी हुई है कि लोग न चाहते हुए भी उसमें लगे हुए हैं। परम्परागत कृषि पर कार्य करने की आवश्यकता है। लोधी समाज जिला अध्यक्ष ओंकार ने कहा हमें खेती, मिटटी, अपने आने वाली पीढ़ी को बचाने के लिए, मिटटी, फसल, बच्चों की तंदरूस्ती के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। हमें स्वयं से पूछना होगा कि क्या हमारी खेती, पहले की तरह स्वस्थ व पौष्टिक है। जैविक कृषक कलेश्वर लोधी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वह शून्य लागत पर खेती करते हैं। गोबर, गोमूत्र का उपयोग करने से फसल को कीड़े नहीं लगते हैं।

बागुर में जुआ खेलते तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पंचायत भवन बागुर के पास जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 480 रुपए नगद और 52 पत्ती ताश बरामद किया है।

रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बागुर स्थित पंचायत भवन के पास कुछ लोग ताशपत्ती पर पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। मुखबिर के बताए गए स्थान पर पुलिस ने घेराबंदी की। पुलिस को देखकर कुछ जुआरी फरार होने में सफल हो गए, जबकि तीन आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान हरेन्द्र साहू पिता धनउ साहू, अजय टोण्ड्रे पिता सुखनंदन टोण्ड्रे और दिनेश कश्यप पिता केजउ कश्यप निवासी बागुर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपी हरेन्द्र के पास से 150 तथा फड़ से 50 रुपए, अजय टोण्ड्रे के पास से 150 रुपए तथा फड़ से 50 रुपए और दिनेश कश्यप के पास से 50 रुपएतथा फड़ से 30 रुपए बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध कायम किया गया है।



एक दिवसीय आयोजन

सिद्ध बाबा मंदिर प्रांगण में मानस की मधुर प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

तुलसी मानस प्रतिष्ठान ने मंगलवार को घिरघोली स्थित श्री सिद्ध बाबा मंदिर प्रांगण में मानस संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल, तुलसी मानस प्रतिष्ठान के उपाध्यक्ष रोहित जंघेल, प्रांतीय सलाहकार लालाराम जंघेल, जिलाध्यक्ष राजेंद्र लोचन तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष बद्रीराम साहू, संतलाल पटेल सहित अन्य मौजूद थे। बड़ी संख्या में मौजूद श्रोताओं ने सुमधुर रामायण कथा का रसपान किया। कार्यक्रम में तुलसी मानस प्रतिष्ठान की आजीवन सदस्यता के लिए पेमीन जंघेल, अमरबती जंघेल, रोहित साहू, चंद्रेश जंघेल, हीरा जंघेल, सुमिता सेन, पीलू गंधर्व, परदेशी निषाद, प्रताप जंघेल तथा तारकेश्वरी जंघेल को सदस्यता ग्रहण कराया गया। साथ ही आजीवन सदस्यों को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। इस मौके पर कोमल जंघेल ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन लोगों के लिए काफी हितकारी है। लोगों को ऐसे कार्यक्रम में शामिल होकर अपने जीवन के मूल्य को समझना चाहिए।



परिसर में पौधरोपण

इस अवसर पर उपस्थित अतिथि एवं ग्रामीणों ने मंदिर परिसर में फल एवं छायादार पौधों का रोपण किया।

आराधना और श्रद्धा बढ़नी ही चाहिए : समयप्रभ

राजनांदगांव। कोई भी अपने बच्चों को खराब नहीं बताता, बल्कि जो नहीं है वह भी बताता है। ऐसा कर हम बच्चे के प्रति ठीक व्यवहार नहीं कर रहे हैं। इस तरह की बातों से उसे और बल मिलता है। आराधना से हम अभिव्यक्ति पर कंट्रोल कर सकते हैं। आराधना और श्रद्धा यह दोनों कभी कम नहीं होनी चाहिए, बल्कि बढ़नी चाहिए। उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर के सुशिष्य समयप्रभ सागर ने व्यक्त किए। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में मुनिश्री समयप्रभ सागर ने फरमाया कि सामूहिक आराधना बहुत दुर्लभ है। हमें धर्म के प्रति आस्था होनी चाहिए। हमें सामूहिक आराधना का लाभ उठाना चाहिए। सामूहिक आराधना से एक पॉजिटिव एनर्जी निकलती है, जो हमारे सबके लिए काफी लाभदायक है।



शहर के प्रमुख स्थानों पर अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था

बेहतर सुविधा के लिए बाजार क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा शहर में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने, यातायात व्यवस्था को सुगम करने तथा स्वच्छता बनाए रखने विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत घुमंतू मवेशियों की धरपकड़, सड़कों की मरम्मत, अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने, नियमित साफ-सफाई एवं उद्यानों के जीर्णोद्धार की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाने नगर निगम एवं यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की जा रही है। त्यौहारों को ध्यान में रखते बाजार क्षेत्रों एवं प्रमुख मार्गों में दुकानदारों को दुकानों की निर्धारित सीमा के भीतर सामान रखने तथा पार्किंग स्थलों को खाली रखने की समझाइश दी जा रही है। यातायात बाधित करने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई भी की जा रही है। नागरिकों की सुविधा के लिए म्युनिसिपल स्कूल, पुत्री शाला के पास, फ्लाई ओवर के नीचे एवं गंज चौक सहित अन्य उपयुक्त स्थानों पर अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था की गई है। शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए कार्ययोजना भी तैयार की जा रही है। इसके अलावा प्राप्त शिकायतों के आधार पर समय-समय पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाती है।



दिन-रात दो पालियों में कार्रवाई

नगर निगम द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने घुमंतू मवेशियों की धरपकड़ का अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए गठित टीम द्वारा दिन एवं रात दो पालियों में शहर के प्रमुख चौक-चौराहों एवं सड़कों पर बैठे मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस भेजा जा रहा है। रात्रि में मवेशियों को सड़कों से हटाने की कार्रवाई भी की जा रही है। इसी प्रकार राष्ट्रीय राजमार्ग पर मवेशियों की धरपकड़ एवं उन्हें हटाने के लिए संबंधित विभाग द्वारा टीम गठित की गई है। सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को कम करने मवेशियों के गले में रेडियम पट्टी लगाई जा रही है। पशुपालकों को अपने मवेशियों को बांधकर रखने तथा सड़कों पर नहीं छोड़ने की सख्त हिदायत दी जा रही है।

सड़कों के डामरीकरण की तैयारी

नगर निगम द्वारा बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई शहर की सड़कों की मरम्मत के लिए पेंचवर्क का कार्य किया जा रहा है। सड़कों पर बने गड्ढों को भरकर आवागमन सुगम बनाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों के डामरीकरण के लिए निविदा आमंत्रित की गई है। डामरीकरण का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा। इसी प्रकार अंडरब्रिज के पास की सड़कों की मरम्मत लोक निर्माण विभाग द्वारा कराई जाएगी। वार्ड क्र. 24 सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों के गड्ढों को पेंचवर्क के माध्यम से दुरुस्त किया जाएगा।

शहर के उद्यानों का होगा जीर्णोद्धार

निगम द्वारा शहर के उद्यानों के सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सर्विस रोड के किनारे स्थित उद्यान का शीघ्र जीर्णोद्धार किया जाएगा। साथ ही उद्यान की क्षतिग्रस्त फेंसिंग को भी दुरूस्त कराया जाएगा। इसके अलावा कलेक्टोरेट उद्यान के जीर्णोद्धार का भी प्रावधान किया गया है। इन कार्यों से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा शहर के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा मिलेगा।

नियमित साफ-सफाई एवं कचरा उठाव का कार्य जारी

नगर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में प्रतिदिन साफ-सफाई एवं कचरा उठाव का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही नालियों की नियमित सफाई भी की जा रही है। सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने संबंधित ठेकेदारों को समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। सफाई कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है तथा लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई भी की जाती है।

मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में लाखों श्रद्धालुओं ने टेका माथा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव में स्थित मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में शारदीय क्वार नवरात्र से शरद पूर्णिमा तक श्रद्धा, भक्ति और सेवा का विशेष वातावरण बना रहा। इस अवधि में लाखों श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। वहीं शरद पूर्णिमा अवसर पर बर्फानी सेवाश्रम समिति राजनांदगांव द्वारा हजारों पीड़ितों एवं श्रद्धालुओं को जड़ी-बूटी युक्त खीर प्रसाद का वितरण किया गया।

संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या द्वादश ज्योतिर्लिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ परिसर में आयोजित इस धार्मिक एवं सेवाभावी कार्यक्रम में अंचल सहित देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। नवरात्र के दौरान मां के दर्शन के लिए भक्तों का सिलसिला चौबीसों घंटों लगातार जारी रहा। श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और मंगलमय जीवन की कामना की। 11 से 25 अक्टूबर तक मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस धार्मिक एवं सेवाभावी आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष राजेश मारू, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा (गन्नू) तथा कोषाध्यक्ष नीलम जैन सहित महेंद्र लूनिया, महंत गोविंद दास, आलोक जोशी, सूरज जोशी, लीलाधर सिंह, कमलेश सिमनकर, कुलबीर छाबड़ा, बलविंदर सिंह भाटिया, मनीष परमार, संजय खंडेलवाल एवं सत्यम शर्मा ने आयोजन में सहभागिता निभाई। इनके साथ अन्य सहयोगियों ने भी सेवा कार्य में योगदान दिया।

शरद पूर्णिमा पर जड़ी-बूटी युक्त प्रसाद का वितरण

शरद पूर्णिमा अवसर पर बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ परिसर में जड़ी-बूटी युक्त खीर प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में हजारों पीड़ितों एवं श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व शारदीय क्वांर नवरात्र पर्व पर नौ दिनों तक विभिन्न श्रद्धाभक्ति कार्यक्रमों के साथ 2395 ज्योति कलश श्रद्धालुओं द्वारा प्रज्जवलित किए गए। वहीं पंचमी दुर्गा अष्टमी में विशेष अनुष्ठान अभिषेक होने के साथ ही दुर्गा नवमी को महाआरती, ज्योति कलश विसर्जन व भंडारा प्रसादी का आयोजन भी किया गया था। इन सभी कार्यों में अंचल सहित देशभर से भक्तजन बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। सिद्धपीठ नौ दिनों तक चौबीसों घंटे दर्शनार्थियों के लिए खुला रहा। विदेशों से भी श्रद्धालुओं ने ज्योत प्रज्जवलित किए।

छग टैक्स-टेक समिट 2026 आयोजित

विभिन्न जिलों से आए विशेषज्ञों ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ टैक्स बार काउंसिल के तत्वावधान एवं टैक्स बार एसोसिएशन दुर्ग के आतिथ्य में एक दिवसीय छत्तीसगढ़ टैक्स-टेक समिट 2026 का आयोजन पृथ्वी पैलेस दुर्ग में किया गया। आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं कर विशेषज्ञों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं कानून मंत्री गजेंद्र यादव की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण प्रधानपीठ नई दिल्ली अध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा व अध्यक्षता छत्तीसगढ़ टैक्स बार काउंसिल के अध्यक्ष विवेक सारस्वत ने की। आयोजन में हैदराबाद से पधारे सीए विजय श्रीनिवासन ने "व्यावसायिक जीवन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग" विषय पर महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कर व्यवसाय एवं पेशेवर कार्यप्रणाली में आधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग, कार्यक्षमता में वृद्धि तथा बदलते तकनीकी परिवेश के अनुरूप स्वयं को तैयार करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर टैक्स बार एसोसिएशन राजनांदगांव के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा राजनांदगांव टैक्स बार के लिए बार रूम उपलब्ध कराने मंत्री से लिखित में निवेदन किया गया। मंत्री द्वारा निवेदन त्वरित स्वीकार करते राजनांदगांव स्थित नवनिर्मित जीएसटी कार्यालय भवन में टैक्स बार एसोसिएशन राजनांदगांव के लिए अध्ययन एवं पेशेवर गतिविधियों हेतु बार रूम आवंटित करने की घोषणा सभा में की गई। उक्त घोषणा के लिए वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति राजनांदगांव टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, कमल किशोर साहू, महेश कुमार शर्मा, प्रकाश सांखला, सत्यप्रकाश मिश्रा, सुधीर राठी, मनमोहन साहू, यशवंत देशमुख, तिलेश्वरी देवांगन, भागवत साहू, अशोक साहू, लक्ष्मीकांत साहू, ढालसिंह साहू, सुनील साहू, लीला यादव, पुष्पा रामटेके, दुर्गा यादव, अरविन्द महाजन, धनेंद्र बहेकर, धन्ना यादव, सीमाब कुरैशी, सुरेंद्र जैन, लोकेश चौहान, लोकेश अग्रवाल, आयुष्मान वर्मा, कौशलेन्द्र जोशी, निरंजन शर्मा, पंकज गंगवानी, अमित झमटानी एवं अन्य शामिल थे। उक्त जानकारी टैक्स बार एसोसिएशन राजनांदगांव के सचिव मयंक शर्मा ने दी।

जिले के तीन विस क्षेत्रों में आज होगा सम्मेलन

■ बौद्धिक संवाद में जुटेंगे प्रबुद्धजन

राजनांदगांव। लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत आज जिले में तीन स्थानों पर बैद्धिक संवाद का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम में लोकतंत्र, चुनाव प्रक्रिया, संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान, राष्ट्रीय एकता एवं समसामयिक राजनीतिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस दौरान केंद्र सरकार, चुनाव आयोग, भारतीय सेना तथा अन्य संवैधानिक संस्थाओं को लेकर विपक्षी दलों के रुख पर प्रबुद्धजन अपनी बात रखेंगे। बौद्धिक संवाद के जिला संयोजक मार्कफेड के अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी ने बताया कि डोंगरगांव विधानसभा का बौद्धिक सम्मेलन महाविद्यालय सभागृह डोंगरगांव में प्रातः 11 बजे आयोजित है। यंहा राजगामी संपदा अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, डॉ. गीतेश अमरोहित व जसविंदर बग्गा उपस्थित रहेंगे। खुज्जी विधानसभा का कार्यक्रम कल्लुबंजारी (गैंदाटोला) में दोपहर 2 बजे आयोजित होगा। जंहा सुभाष तिवारी व रविन्द्र वैष्णव उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र का कार्यक्रम कृषि उपज मंडी डोंगरगढ़ में दोपहर 2 बजे आयोजित है।

इस सम्मेलन में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, शशिकांत द्विवेदी, राजेन्द्र गोलछा व डॉ. चन्द्रशेखर शर्मा उपस्थित रहेंगे।

विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए मॉडल

जैव विविधता प्रदर्शनी, दुर्लभ जीव रहे आकर्षक का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा विद्यार्थियों एवं आमजन में जैव विविधता, वन्यजीव संरक्षण तथा पर्यावरणीय संतुलन के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से 30 से 31 अक्टूबर तक दो दिवसीय जैव विविधता संरक्षण प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में प्राणीशास्त्र के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने विभिन्न दुर्लभ एवं महत्वपूर्ण प्राणियों के मॉडल और वैज्ञानिक प्रदर्शन सामग्री प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

दुर्लभ जीवों की आकर्षण प्रदर्शनी को देखने शहर के विभिन्न स्कूलों से कक्षा 9वीं और 11वीं के विद्यार्थी दिग्विजय महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में पहुंचे। यहां विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासाओं के अनुरूप विभिन्न जीवों के संबंध में जानकारी हासिल की। प्राणीशास्त्र विभाग के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने स्कूली विद्यार्थियों को उनके प्रश्नों के उत्तर देते विभिन्न दुर्लभ एवं महत्वपूर्ण प्राणियों के बारे में सरल एवं वैज्ञानिक जानकारी प्रदान की। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।



संरक्षण जरूरी

प्रदर्शनी को लेकर विद्यार्थियों ने कहा कि वर्तमान समय में वनों की कटाई, प्राकृतिक आवासों का विनाश, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, अनियंत्रित शहरीकरण तथा वन्यजीवों के अवैध शिकार जैसी गतिविधियां जैव विविधता के लिए गंभीर चुनौती है, इसलिए जैव विविधता के संरक्षण के लिए जन-जागरूकता और सामूहिक प्रयास आवश्यक है।

जीव विशेषता की मिली जानकारी

प्रदर्शनी में प्राणी शास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. संजय ठिसके, डॉ. माजिद अली एवं गुरप्रीत सिंह भाटिया ने विद्यार्थियों के मॉडल का अवलोकन किया तथा उनके वैज्ञानिक पक्ष पर चर्चा की। उन्होंने प्रदर्शनी देखने पहुंचे स्कूली विद्यार्थियों को विभिन्न जीवों की विशेषताओं एवं उनके पर्यावरणीय महत्व के बारे में जानकारी दी। प्रदर्शनी के आयोजन में चिरंजीव पाण्डेय, करुणा रावटे एवं जागृति चंद्राकर का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

लुप्त होने के कागार पर कई जीव

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते कहा कि जैव विविधता केवल विभिन्न प्रकार के जीव-जंतुओं की संख्या नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण पारिस्थितिक तंत्र के संतुलन एवं मानव जीवन के अस्तित्व का आधार है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर जीव-जगत को प्रत्यक्ष एवं व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर प्रदान करती है। वहीं प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. केएल दामले ने कहा कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने ऐसी गतिविधियां अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने बताया कि जैव विविधता में प्रत्येक जीव की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है और किसी एक प्रजाति का विलुप्त होना पूरे पारिस्थितिक तंत्र को प्रभावित कर सकता है।

लाटरी से 92 फटाका दुकानों के लिए अस्थाई भूखंड का आबंटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर नगर निगम सभागृह में फटाका दुकान के लिए लाटरी के माध्यम से 92 लाईसेंसी फटाका व्यवसायियों को अस्थाई भूखंड आबंटन किया गया।

उक्त आबंटन से नगर निगम को 4 लाख 46 हजार 2 सौ रुपए की आय हुई है। फटाका दुकान म्युनिसिपल स्कूल मैदान में लगाया जाएगा। फटाका दुकान के लिए शुक्रवार को नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम की उपस्थिति में इच्छुक लाईसेंसी फटाका व्यवसायियों को लाटरी के माध्यम से अस्थाई भूखण्ड का आबंटन किया गया। आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि लाईसेंसी फटाका विक्रेताओ को आज नियमानुसार लाटरी के माध्यम से अस्थाई भूखण्ड का आबंटन किया जा रहा है।



आबंटन शुल्क में कटौती

आयुक्त ने बताया कि महापौर के निर्देशानुसार इस वर्ष 10 प्रतिशत के स्थान पर 5 प्रतिशत आबंटन शुल्क में वृद्धि की गई है। उन्होंने फटाका व्यवसायियों से कहा कि फटाका विक्रय के लिए शासन गाईड लाइन का पालन करना होगा। साथ ही अपने दुकान में अनिवार्य रूप से फायर सेप्टी रखना होगा।

साढ़े चार लाख रुपए की आय

अस्थाई भूखण्ड आबंटन के संबंध में राजस्व अधिकारी मोबिन अली ने बताया कि इस वर्ष फटाका दुकान लगाने के लिए राजस्व कार्यालय में 92 आवेदन प्राप्त हुए थे। सभी 92 लाईसेंसी फटाका विक्रताओ द्वारा शुल्क का भुगतान किया गया। इस वर्ष प्रति दुकान के आबंटन शुल्क में 5 प्रतिशत वृद्धि की गई। जिसके तहत आवेदन प्राप्त कर 4850 रुपए प्रति दुकान अस्थाई भूखण्ड शुल्क जमा कराया गया। जिससे नगर निगम को 4 लाख 46 हजार 2 सौ रुपए की आय हुई है। आबंटन अवसर पर वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी हितेश ठाकुर के अलावा राजस्व विभाग का अमला सहित फटाका व्यवसायी उपस्थित थे।

विद्यार्थियों ने स्पर्धा में लहराया परचम

■ 32 विद्यार्थियों ने जीते 45 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने एक बार फिर शानदार उपलब्धि हासिल कर जिले एवं संस्था का गौरव बढ़ाया है। गत दिनों जगन्नाथ मंदिर सेक्टर-6 भिलाई में आयोजित राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में गायत्री विद्यापीठ के 32 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विद्यार्थियों ने विभिन्न योग विधाओं एवं प्रदर्शनों में कुल 45 पदक प्राप्त किए। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने 20 स्वर्ण, 19 रजत एवं 6 कांस्य पदक जीतकर प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्रों में शिवांश साहू, तनिष्क श्रीवास, मिनख साहू, उन्नति साहू, गुरवेंद्र साहू, कुणाल यादव, प्रणित साहू, प्रतीक चंदेल, सानिध्य साहू, श्रीयांश सोनबोईर, सौर्य साहू, तुष्य बघेल, श्रेयांश सोनबोईर, वेन्या मरकाम, हंशिका, रीतेश गुप्ता, तान्या शर्मा रही। सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में रीपल साहू, तनिष्क श्रीवास्तव, विवान साहू, अनुशा मिश्रा, उन्नति साहू, डालेश्वर, गुरवेन्द्र साहू, मयंक, पीयुष, प्रतीक चंदेल, रविकांत दीपक, सानिध्य साहू, सौर्य साहू, वेन्या मरकाम, रीषिता गुप्ता, तान्या शर्मा व कांस्य पदक प्राप्त करने वाले छात्रों में विवान साहू, गुंजा भारती, अनुशा मिश्रा, अली अब्बास, प्रणित साहू, तुष्य बघेल शामिल हैं। कुछ विद्यार्थियों ने अलग-अलग योग प्रदर्शनों में दो से तीन पदक हासिल किए। इस प्रकार 32 विद्यार्थियों ने कुल 45 पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस सफलता पर सभी पदक विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



खेतों में बिछी धान की फसल देख किसानों का दर्द जाना

मुआवजे के लिए शहर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चक्रवात अर्नब के प्रभाव से हुई बारिश और तेज अंधड़ ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। शुक्रवार सुबह शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार कांग्रेस नेताओं और किसानों के साथ खेतों में पहुंचे। उन्होंने खेतों में गिरी धान की फसल का निरीक्षण किया और प्रभावित किसानों से चर्चा कर नुकसान की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर खेती की थी, लेकिन पिछले दो दिनों में हुई बारिश और अंधड़ से करीब 80 प्रतिशत फसल प्रभावित हो गई है। इससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

श्री मुदलियार ने प्रभावित चिंताग्रस्त किसानों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि जिले में इस खरीफ सीजन में लगभग एक लाख 70 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की खेती की गई है। फसल पकने और कटाई की तैयारी के समय हुई बेमौसम बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में फसल गिरने और जलभराव से धान की गुणवत्ता तथा उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है।

उन्होंने सर्वे प्रक्रिया समयबद्ध और पारदर्शी रखने के साथ दीपावली से पहले किसानों को आर्थिक सहायता देने की मांग की, ताकि संकट से जूझ रहे अन्नदाताओं को राहत मिल सके। इस दौरान वीरेन्द्र चन्द्राकर, राजेश गुप्ता, चंपा चंद्राकर, प्रवीण चंद्राकर, भूषण साहू, शिवमंगल, चेतन चंद्राकर, भूपेन्द्र, तोकेश चंद्राकर, झल्लू चंद्राकर, सुरेश चन्द्राकर, गोकुल ठाकुर, रेवंत चन्द्राकर, बाबूलाल चन्द्राकर, इंदल चन्द्राकर, युवराज भारती, हितेष साहू, दुष्यंत चन्द्राकर मौजूद रहे।



बीमा राशि देने की मांग

खेतों का निरीक्षण करने के बाद शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर जितेंद्र यादव को ज्ञापन सौंपकर प्रभावित किसानों को तत्काल राहत देने की मांग की। ज्ञापन में सभी विकासखंडों और प्रभावित गांवों में राजस्व, कृषि एवं संबंधित विभागों की संयुक्त टीम गठित कर फसल क्षति का निष्पक्ष सर्वे कराने की मांग की गई है। श्री मुदलियार ने कहा कि सर्वे में खेतों में गिरी फसल, जलभराव और बारिश व अंधड़ से हुए अन्य नुकसान का वास्तविक आंकलन किया जाए। प्रभावित किसानों को राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6-4 और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रावधानों के तहत पात्रतानुसार मुआवजा एवं बीमा राशि उपलब्ध कराई जाए।

3 कर्मचारी पदोन्नत, आयुक्त ने सौंपा आदेश

राजनांदगांव। नगर निगम आयुक्त जीआर ने शुक्रवार को अपने कक्ष में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह समेत राजेश जैन की उपस्थिति में निगम के 3 कर्मचारियों को पदोन्नति आदेश पत्र सौंपा।

इस अवसर पर आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि आज नगर निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर कार्यरत 3 कर्मचारी क्रमशः सुदेश राय, प्रेमलाल देवांगन एवं अशोक चौबे को नियमानुसार राजस्व उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। इसी प्रकार अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण कर उनके आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति दी जा रही है। आयुक्त ने कहा कि लगभग एक से डेढ साल में मृतक कर्मचारियों के 26 आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति दी गई है। इसके अलावा 8 कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ देकर, 70 कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ दिया गया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को शासन द्वारा समय-समय पर देय वेतनमान, भत्ता के अलावा पदोन्नति, क्रमोन्नति एवं अनुकम्पा नियुक्ति का लाभ देने का प्रयास रहता है। उन्होंने कहा कि बजट प्रावधान अनुसार महापौर के निर्देश पर कर्मचारियों को समयमान वेतनमान एवं पदोन्नति का लाभ दिया जा रहा है। आगे भी पदोन्नति व समयमान वेतनमान का पात्रता अनुसार लाभ दिया जाएगा।



सार समाचार

श्री सत्यनारायण मंदिर में 10 को अन्नकूट

राजनांदगांव। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति कामठी लाइन द्वारा सनातन संस्कृति की धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के साथ सामाजिक समरसता और एकता का संदेश देने के उद्देश्य से 10 नवंबर को 106वां सामाजिक समरसता अन्नकूट महामहोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर भगवान श्री सत्यनारायण का अलौकिक श्रृंगार, महाआरती तथा अन्नकूट महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं और सर्व समाज के लोगों से महाप्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है। मंदिर समिति के कार्यकारिणी सदस्य संतोष सिंघल, नारायण अग्रवाल एवं नरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि हाल ही में आयोजित कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से आगामी अन्नकूट महामहोत्सव को सामाजिक समरसता अन्नकूट महोत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल के नेतृत्व में यह आयोजन वर्षों से धार्मिक आस्था के साथ सेवा, एकता और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता आ रहा है। इस वर्ष आयोजन की 106वीं कड़ी में सभी समाज की सहभागिता पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम 10 नवंबर को दोपहर 3.30 बजे श्री सत्यनारायण धर्मशाला परिसर कामठी लाइन राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा।

कलेक्टर ने की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा

राजनांदगांव। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रयास आवासीय विद्यालय के संचालन एवं शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने तथा नीट एवं जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों के अध्यापन एवं कोचिंग कार्य की समीक्षा की। उन्होंने विद्यार्थियों की नीट एवं जेईई की तैयारी के लिए प्रारंभिक स्तर से ही शैक्षणिक आधार मजबूत करने कहा, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकें। कलेक्टर ने शिक्षकों को पूरी जिम्मेदारी एवं निष्ठा के साथ अध्यापन कार्य करते विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप एजुकेशन हब में संचालित विद्यालय की कक्षाओं का विभाजन करने तथा आवश्यक स्टाफ रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्रीकांत कोराम, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, प्रयास आवासीय विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

महंगाई राहत 63 प्रतिशत बढ़ाने की मांग

राजनांदगांव। पेंशनर्स एसोसिएशन ने महंगाई राहत 63 प्रतिशत बढ़ाने की मांग की। उक्त जानकारी देते छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष इंजीनियर जीआर देवांगन ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि छत्तीसगढ़ शासन अपने कर्मचारियों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता/ महंगाई राहत देने वचनबद्ध है। वर्तमान में राज्य के कर्मचारी/पेंशनर्स को मात्र 58 प्रतिशत डीए/ डीआर प्राप्त हो रहा है। केंद्र की सरकार केंद्रीय कर्मचारियों को 1 जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत डीए बढ़ाने का आदेश 18 अप्रैल 2026 को एवं 1 जुलाई 2026 से 3 प्रतिशत डीए में बढ़ोत्तरी का आदेश 28 अक्टूबर 2026 को जारी कर एरियर्स सहित भुगतान करने का आदेश जारी कर दीपावली के पूर्व कर्मचारियों को तोहफा दिया है। छत्तीसगढ़ सरकार की भी नैतिक जिम्मेदारी है कि राज्य के कर्मचारी/पेंशनर्स को भी केंद्र के समान डीए देने का वादा निभाना चाहिए। श्री देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ़ के अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन एवं अन्य संगठनों द्वारा भी दीपावली के पूर्व 58 प्रतिशत से बढ़ाकर 63 प्रतिशत डीए/डीआर देने की मांग की जा रही है।

औद्योगिक गतिविधियों को मिलेगी गति : मनोज

राजनांदगांव। राजगामी संपदा के उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी ने बताया कि राजनांदगांव जिले के ग्राम सोमनी में स्थित राजगामी संपदा की जमीन पर एक विशाल मेगा मल्टी फ्रूट फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के तकनीकी सहयोग से लगभग 400 करोड़ की लागत से यह यूनिट आकार लेगी। लगभग 6000 से अधिक प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। स्थानीय युवाओं का पलायन रूकेगा और विंध्य व मैकल क्षेत्र के किसानों को फलों और कृषि उत्पादों का बेहतर मूल्य मिलेगा। राजगामी संपदा की जमीन के उपयोग से औद्योगिक और आर्थिक गतिविधियों को अभूतपूर्व गति मिलेगी।



नगर यादव समाज की बैठक 1 को

राजनांदगांव। नगर कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव के अध्यक्ष सूरज यादव ने बताया कि नगर समाज की बैठक एक नवंबर को बसंतपुर क्लब चौक हनुमान मंदिर के पास सामुदायिक भवन में आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि बैठक में गोर्वधन पूजा एवं आगामी आयोजन संभागीय कोसरिया यादव समाज द्वारा आयोजित शादी योग्य यादव युवक-युवती परिचय सम्मेलन, सम्मान समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम, संभागीय शपथ ग्रहण आदि होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी। साथ ही सामाजिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी। बैठक में समाज के पदाधिकारीगण, संरक्षकगण, वरिष्ठगण, गौटियागण, महिला मंडल, युवा मंडल, वार्ड के अध्यक्षगण सहित नगर कोसरिया यादव समाज के सदस्यगण उपस्थिति रहेंगे। बैठक के अंत में प्रख्यात अंतर्राष्ट्रीय बांस गीत वादक विक्रम यादव निवासी खैरा के निधन पर उनकी एक शोकसभा रखकर श्रद्धांजलि श्रद्धासुमन अर्पित की जाएगी।

शरद पूर्णिमा पर कवि सम्मेलन आयोजित

राजनांदगांव। शरद पूर्णिमा अवसर पर लायंस क्लब राजनांदगांव के तत्वावधान में एक भव्य, रंगारंग एवं साहित्यिक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजगामी संपदा न्यास अध्यक्ष पूर्णिमा साहू व समाजसेवी शारदा तिवारी शामिल रही। इसके अलावा डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव, अमलेन्दु हाजरा, राकेश ठाकुर, मेजर शर्मा, डॉ. केके द्विवेदी, आनंद वर्गीस, नारायण कन्नौज सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति रही। कवि सम्मेलन में हास्य-व्यंग्य कवि पद्मलोचन शर्मा ने रोचक हास्य और पैरोडी गीतों की प्रस्तुति दी। कवि डॉ. शंकर मुनि राय, अनुराग सक्सेना, कवि थंगेश्वर कुमार साहू, कवयित्री सुषमा शुक्ला, शत्रुघ्न सिंह राजपूत ने भी अपनी प्रस्तुति दी। कवि सम्मेलन का संचालन पद्मलोचन शर्मा ने किया। अंत में कवियों को लायंस क्लब राजनांदगांव द्वारा शाल, श्रीफल, प्रमाण पत्र एवं गिफ्ट द्वारा सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में राजनांदगांव सेक्टर बना विजेता

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत राज्य स्तरीय महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय पी.जी. महाविद्यालय भाटापारा द्वारा किया गया। राजनांदगांव सेक्टर ने पहले मैच में कांकेर को 25-0 से, दूसरे मैच में बलौदा बाजार को 22-7 से, सेमीफाइनल में सरगुजा को 32-21 से और फाइनल में रायपुर सेक्टर को 47-40 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। राजनांदगांव सेक्टर की टीम में दिग्विजय महाविद्यालय की सिमरन रेड्डी, नेहा गिरी, भारती निषाद, प्रीति ठाकुर, योगिता यादव, गायत्री साहू और पायल वर्मा सम्मिलित थी। टीम के मैनेजर अरुण चौधरी और कोच ऋषि थे। छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता, डॉ. अनीता बख्शी, डॉ. शैलेंद्र सिंह, दीपक परगनिहा, रामू पाटिल व प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने बधाई दी।



इंदिरा कला संगीत विवि के ऑडिटोरियम में समापन समारोह आयोजित

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में ओवरऑल चैंपियन बना बस्तर संभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

खैरागढ़ में आयोजित चार दिवसीय 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता-2026 का भव्य समापन समारोह इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के ऑडिटोरियम में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में खैरागढ़ जिले को अंडर-14 एवं अंडर-19 आयु वर्ग की बालक-बालिका खो-खो तथा अंडर-14 बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर प्राप्त हुआ।

प्रदेश के पांचों संभाग रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर एवं सरगुजा से आए खिलाड़ियों ने खेल कौशल, अनुशासन, उत्साह और टीम भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। प्रतियोगिता में कुल 330 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें 120 बालक एवं 210 बालिकाएं शामिल रहीं। इसके अतिरिक्त 50 कोच एवं मैनेजर तथा 40 ऑफिशियल ने आयोजन में सहभागिता निभाई। विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए बस्तर संभाग ने ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।

समापन समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं राष्ट्रगीत के साथ हुआ। इस अवसर पर कु. हिमांशी यादव ने संस्कृत भाषा में छत्तीसगढ़ राज्य गीत की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शिक्षा आयोग के अध्यक्ष सुधीर गौतम रहे।

समारोह की अध्यक्षता कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथियों में समाजसेवी घम्मन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गिरजा चंद्राकर, पार्षद प्रतिनिधि विकेश गुप्ता, पार्षद उपेंद्र रजक तथा गोरेलाल वर्मा सहित पांचों संभागों के जनरल मैनेजर उपस्थित रहे। चार दिवसीय राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कन्हैयालाल पटेल, प्रिंकेश कश्यप, ताजु खान गौरी, अभिलेख सिंह, सितांशु गुप्ता, जनक लाल साहू, राजेन्द्र साहू, रविन्द्र चावड़ा, लेखराम वर्मा, मोरेश्वर वर्मा, विशाल ठाकुर, कुशाल सिंह धुर्वे, संजू कंवर, कमल नारायण सेन, रूपेंद्र साहू, दीपक कौशिक, पुरुषोत्तम जंघेल, ज्ञानेश्वर यादव, चंद्रशेखर गुनी, दीपक नेवार एवं आशीष पटेल सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पांच संभागों के 330 खिलाड़ियों ने दिखाया खेल कौशल



खेल से विकसित होती है अनुशासन

मुख्य अतिथि सुधीर गौतम ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेलों से अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण की भावना विकसित होती है। निरंतर अभ्यास, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से खिलाड़ी सफलता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकते हैं।

स्मृति में किया गया सम्मान

समापन समारोह के दौरान स्वर्गीय संग्राम सिंह की स्मृति में अभिलेख सिंह द्वारा पांचों संभागों को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। इसी प्रकार स्वर्गीय अमरजीत सिंह की स्मृति में अर्पित सिंह द्वारा प्रतियोगिता के सफल संचालन में योगदान देने वाले सभी आवास एवं वाहन प्रभारियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

खो-खो एवं फुटबॉल प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

प्रतियोगिता के अंतर्गत खो-खो अंडर-14 बालक वर्ग में बस्तर संभाग प्रथम, दुर्ग द्वितीय एवं रायपुर तृतीय स्थान पर रहा। अंडर-14 बालिका वर्ग में बिलासपुर संभाग ने प्रथम, बस्तर ने द्वितीय एवं रायपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार खो-खो अंडर-19 बालक वर्ग में बस्तर संभाग प्रथम, दुर्ग द्वितीय एवं रायपुर तृतीय स्थान पर रहा। अंडर-19 बालिका वर्ग में बिलासपुर संभाग ने प्रथम, दुर्ग ने द्वितीय तथा बस्तर ने तृतीय स्थान हासिल किया। फुटबॉल अंडर-14 बालिका वर्ग में बस्तर संभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। रायपुर संभाग द्वितीय एवं दुर्ग संभाग तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के समग्र प्रदर्शन के आधार पर बस्तर संभाग को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया।

नदी पुल के पास शराब बेचते पकड़ा गया आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गांव में नदी पुल के पास अवैध रूप से शराब बेचे जाने की सूचना पर सुरगी पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को पकड़ा। जिसके कब्जे से 32 पौवा शोले ब्रांड बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार सुरगी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 29 अक्टूबर को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम सुरगी के सुमित उर्फ ललित सिन्हा निवासी ग्राम सुरगी तिरंगा चौक पुलिस चौकी सुरगी खरखरा नदी पुल के पास भारी मात्रा में शराब बिक्री कर रहा है कि सूचना पर हमराह स्टाफ व गवाहों के शराब रेड कार्रवाई किया गया।

पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से 32 पौवा शोले ब्रांड छत्तीसगढ़ निर्मित कीमती 2560 रुपए का शराब मिला। आरोपी के कब्जे से मिले शराब को जब्त कर विधिवत संपूर्ण कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी सुमित उर्फ ललित सिन्हा 18 वर्ष 5 माह निवासी ग्राम सुरगी के विरुद्ध पुलिस चौकी सुरगी में धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

उप निर्वाचन के लिए लायजन अधिकारी नियुक्त

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के आदेशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम एवं उप निर्वाचन 2026 के लिए जिले में नियुक्त प्रेक्षक अपर कलेक्टर जिला मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी की आवश्यक व्यवस्था एवं समन्वय हेतु जिला पंचायत के सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी पुरुषोत्तम तरार को लायजन अधिकारी नियुक्त किया है।

कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी पकड़ा गया

खैरागढ़। गांव में कच्ची शराब बेचे जाने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी के कब्जे से 3 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं बिक्री की रकम जब्त कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार 29 अक्टूबर को थाना खैरागढ़ पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम देवरी में गनेशु डहरे नाम के व्यक्ति द्वारा कच्ची महुआ शराब बेचा जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने दलबल के साथ रेड कार्रवाई किया गया। गवाहों के समक्ष आरोपी गनेशु डहरे 52 साल ग्राम देवरी थाना खैरागढ़ को कच्ची महुआ शराब बिक्री करते हुए पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 3 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 360 रुपए एवं बिक्री रकम 540 रुपए जुमला कीमती 900 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी को धारा 34(1) (ब) आबकारी एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। अवैध शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ खैरागढ़ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



घर से आभूषण, नगदी सहित अन्य सामान चोरी

राजनांदगांव। गांव में स्थित घर में प्रवेश कर अज्ञात चोरों ने आलमारी में रखे आभूषण, नगदी रकम सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नागरकोहरा स्थित एक घर में 28 अक्टूबर की रात्रि अज्ञात चोरों ने प्रवेश किया और घर में रखे आलमारी से एक नग सोने का मंगलसूत्र, एक नग चांदी का करधन, एक नग सोने का टाप्स, एक नग चांदी की बिछिया एवं नगदी रकम 10 हजार रुपए, पिकअप वाहन की बैटरी एवं गाडी धोने का मशीन व होम थियेटर को चोरो ने चोरी कर लिया। चोरी की घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में युवाओं की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा कला, संस्कृति एवं रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026-27 का आयोजन 31 अक्टूबर शनिवार को राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय, कैंपस-2 में किया जाएगा। मुख्य समारोह प्रातः 10.30 बजे प्रारंभ होगा। आयोजन कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन में जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में संपन्न होगा।

जिला स्तरीय युवा उत्सव में सांसद संतोष पाण्डेय मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा करेंगी। विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में श्रीमती प्रियंका खम्हन ताम्रकार, विक्रांत सिंह, श्रीमती राजेश्वरी शैलेन्द्र त्रिपाठी, श्रीमती पुष्पा प्रकाश वर्मा, श्रीमती गिरजा चंद्राकर, लाल टाकेश्वर शाह खुशरो, नम्रता किशोर दास वैष्णव सहित विभिन्न नगरीय निकायों एवं पंचायतों के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

नौ विधाओं में युवा दिखाएंगे कला

जिला स्तरीय युवा उत्सव में विकसित भारत चैलेंज ट्रैक, लोकनृत्य, लोकगीत, चित्रकला (पेंटिंग), कविता लेखन, नुक्कड़ नाटक, क्रिएटिव यूथ रील चैलेंज, पारंपरिक वेशभूषा एवं रॉकबैंड सहित कुल नौ विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। लोकनृत्य एवं लोकगीत में प्रतिभागी छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोककला और सांस्कृतिक परंपराओं की प्रस्तुति देंगे। चित्रकला एवं कविता लेखन में युवा अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मक सोच का प्रदर्शन करेंगे। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक विषयों पर जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। वहीं क्रिएटिव यूथ रील चैलेंज एवं विकसित भारत चैलेंज ट्रैक के जरिए युवाओं को नवाचार और मौलिक विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।

जनगणना 2027 के संबंध में जिला स्तरीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



- मोबाइल ऐप के माध्यम से घर-घर जाकर की जाएगी परिवार के सदस्यों की गणना

जनगणना 2027 के अंतर्गत जिला पंचायत राजनांदगांव के सभाकक्ष में जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य निदेशालय रायपुर के संयुक्त निदेशक दीपक बी. गोदे एवं सहायक निदेशक कविन्द्र कुमार रंगारी ने जनगणना की प्रक्रिया, दिशा-निर्देशों एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से गणना करने की विस्तृत जानकारी दी।

प्रशिक्षण में बताया गया कि जनवरी से फरवरी 2027 के दौरान प्रगणकों द्वारा पूर्व में किए गए मकान सूचीकरण कार्य के आधार पर निर्धारित गणना ब्लॉकों में घर-घर जाकर परिवार के सदस्यों की गणना मोबाइल ऐप के माध्यम से की जाएगी। जनगणना के दौरान एकत्रित आंकड़े पूर्णतः गोपनीय रखे जाएंगे तथा इनका उपयोग किसी अन्य कार्य के लिए नहीं किया जाएगा। इस दौरान विदेशों से आए व्यक्तियों, बेघर परिवारों एवं घुमन्तु व्यक्तियों की पहचान कर उनकी भी गणना की जाएगी। गणना का कार्य 28 फरवरी 2027 की मध्यरात्रि तक पूर्ण किया जाएगा। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य के लिए नियुक्त चार्ज अधिकारी एवं सहायक चार्ज अधिकारियों के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों के तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों सहित जनगणना कार्यालयों के जनगणना लिपिकों एवं तकनीकी सहायकों ने भाग लिया। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना संबंधी दिशा-निर्देशों से अवगत कराते निर्देश पुस्तिका प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य निर्धारित समय-सीमा में त्रुटिरहित एवं व्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।

दो कारोबारी के घर ईओडब्ल्यू की दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कथित शराब घोटाले की जांच से जुड़े मामलों की पड़ताल में आर्थिक अपराध शाखा ईओडब्ल्यू की टीम ने शहर के दो कारोबारी के ठिकानों पर दबिश दी। शुक्रवार सुबह टीम अलग-अलग गाड़ियों से राजनांदगांव पहुंची। दो व्यापारियों के घर दबिश के बाद शहर के व्यापारियों में खलबली भी मची रही।

जिसके बाद कारोबारी जय बग्गा और वैभव गोलछा के आवास व कार्यालय में टीम ने जांच शुरू की। पूरे दिन टीम कई दस्तावेज खंगालती रही। इसके बाद शाम में पूछताछ के लिए दोनों व्यापारियों को टीम अपने साथ रायपुर ले गई है। व्यापारी जय बग्गा पूर्व मंत्री कवासी लखमा के करीबी रहे हैं। जय बग्गा होटल व्यवसायी हैं। वहीं वैभव गोलछा भी जमीन व्यवसाय से जुड़े हैं। हालांकि टीम शराब घोटाले की राशि के जमीन में निवेश की आशंका पर पड़ताल कर रही है। इसके अलावा इसी मामले में रायपुर में भी छापेमारी की गई है। ईओडब्ल्यू सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस सरकार के दौरान छुरिया में कई एकड़ जमीन की खरीदी की गई थी। इस खरीदी को कथित शराब घोटाले की राशि से जोड़कर देखा जा रहा है। जिसके आधार पर आर्थिक अपराध शाखा की टीम जांच कर रही है।

4250 उपभोक्ताओं को मिलेगी बेहतर बिजली सुविधा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा राजनांदगांव जिले के ग्राम विचारपुर नवागांव में मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत नवनिर्मित 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र को राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता हर्ष कुमार मेश्राम के करकमलों द्वारा विधिवत ऊर्जीकृत किया गया। इस उपकेन्द्र के प्रारंभ होने से क्षेत्र के 31 गांव के लगभग 4250 विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर गुणवत्ता की बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इस उपकेन्द्र का निर्माण मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत 3 करोड़ 28 लाख रुपए की लागत से किया गया है। उपकेन्द्र में 3.15 एमव्हीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इसके अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाने 19 किमी 33 केव्ही तथा 3 किमी 11 केव्ही की नई विद्युत लाइन का निर्माण किया गया है। नवीन उपकेन्द्र एवं विस्तारित विद्युत नेटवर्क से क्षेत्र में बिजली वितरण की क्षमता और आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

क्षमता में लगातार की जा रही वृद्धि

राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता हर्ष कुमार मेश्राम ने बताया कि पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह एवं प्रबंध संचालक (वितरण) भीमसिंह कंवर के कुशल के मार्गदर्शन में जिले में मांग के अनुरूप नवीन उपकेन्द्रों का निर्माण एवं विद्यमान उपकेन्द्रों की भार वहन क्षमता में वृद्धि निरंतर की जा रही है। इससे विशेषकर अधिक मांग के समय ओवरलोडिंग, लो-वोल्टेज एवं बार-बार ट्रिपिंग की समस्या में उल्लेखनीय कमी आएगी। कृषि एवं धान के मौसम में सिंचाई पंपों के संचालन से विद्युत मांग बढ़ जाती है। ऐसे समय में नए उपकेन्द्र के ऊर्जीकरण से किसानों को बेहतर वोल्टेज के साथ अधिक भरोसेमंद विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने में सहायक होगी। इससे सिंचाई व्यवस्था सुचारु होने के साथ-साथ ग्रामीण एवं घरेलू उपभोक्ताओं को भी विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार का लाभ मिलेगा। विचारपुर नवागांव का यह नवीन 33/11 केव्ही उपकेन्द्र इसी प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण उदाहरण है। इससे न केवल 31 गांव की विद्युत व्यवस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी नई ऊर्जा मिलेगी। इस अवसर पर राजनांदगांव वृत्त के अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर, कार्यपालन अभियंता मुकेश कुमार साहू, नूरेन्द्र कुमार साहू, सहायक अभियंता सुशील कोड़ापे, एसपी ठाकुर, कुबेरसिंह मरकाम सहित विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



16 वर्षों से आपकी सेवा में

श्री खाटू श्याम ज्योतिष



जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष सामाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चों के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



ज्योतिष के माध्यम से जीवन की सही दिशा

समस्याएँ चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हों,
समाधान हमेशा संभव है...

मनमोहनी स्पेशलिष्ट

जन्मकुण्डली विशेषज्ञ | पं.रविकांत शर्मा
पं.एस.के. शास्त्री



खाटू श्याम जी की असीम कृपा से
"हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना
जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान





















क्यों चुनें हमें ?

- 16 वर्षों का अनुभव
- सटीक एवं सरल समाधान
- गोपनीयता की पूर्ण गारंटी
- व्यक्तिगत मार्गदर्शन
- श्रद्धा और विश्वास पर आधारित सेवा

ऑफिस आने पर मात्र

₹ 101

PAYMENT QR CODE

₹ 251

फोन से परामर्श मात्र

हमारी प्रमुख सेवाएं

- **जन्म कुंडली विश्लेषण** — व्यक्तित्व, करियर, विवाह, संतान
- **वैवाहिक जीवन** — विवाह में आ रही बाधाएँ, वैवाहिक सुख
- **करियर एवं व्यवसाय** — नौकरी, व्यापार, विदेश योग
- **धन एवं समृद्धि** — आर्थिक स्थिति, निवेश, लाभ
- **संतान योग** — संतान प्राप्त, संतान सुख
- **वास्तु शास्त्र** — घर, दुकान, ऑफिस की ऊर्जा
- **हस्तरेखा विज्ञान** — जीवन की संभावनाएँ, भविष्य संकेत
- **प्रश्न कुंडली** — तत्काल समाधान, सही दिशा

बुकिंग के लिए संपर्क करें:
+91 747 067 4060

पोलसाय पारा चौक,
स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र:- पं. रविकांत शर्मा एवं
पं. एस. के शास्त्री: +91 9755964567

नोट : मिलने के लिए अपॉईंटमेंट लेना आवश्यक है। असुविधा से बचने के लिए अपॉईंटमेंट लेकर ही मिलें। | Follow us on: shree_khatushyam_jyotish | हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने खिलाड़ियों का किया सम्मान एवं उत्साहवर्धन

दिव्यांग तैराकों ने रचा इतिहास, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीते 8 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

13वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पैरा दिव्यांग तैराकी प्रतियोगिता में कबीरधाम जिले के दिव्यांग खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 8 पदक हासिल किए हैं।

खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और खेल कौशल का परिचय देते हुए जिले को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर आज खिलाड़ियों ने कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति से सौजन्य भेंट की।

कलेक्टर ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें इस शानदार सफलता के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने खिलाड़ियों की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, लगन, आत्मविश्वास और दृढ़ इच्छाशक्ति से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया है।

उनकी यह सफलता अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में भी निरंतर अभ्यास करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने तथा जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास, निरंतर अभ्यास और समर्पण के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उनकी यह उपलब्धि जिले के अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी तथा खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करेगी।



निरंतर अभ्यास और कठिन परिश्रम से मिली सफलता

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के पीछे निरंतर अभ्यास, कठिन परिश्रम और खेल के प्रति समर्पण की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कोच वसीम रजा कुरैशी एवं राजेश निर्मलकर तथा टीम मैनेजर अनिल चंद्रवंशी ने खिलाड़ियों के नियमित प्रशिक्षण, मेहनत और दृढ़ संकल्प की सराहना की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने लगातार अभ्यास और अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने भविष्य में भी खिलाड़ियों से बेहतर परिणाम हासिल करने की उम्मीद जताई। समाज कल्याण विभाग की उप संचालक श्रीमती अभिलाषा पंडा ने भी सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे भी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के साथ खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

तीन खिलाड़ियों ने जीते 4 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य पदक

13वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पैरा दिव्यांग तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 29 अक्टूबर 2026 को बिलासपुर में किया गया था। प्रतियोगिता में कबीरधाम जिले के खिलाड़ियों ने विभिन्न तैराकी स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 8 पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में सुखचैन निषाद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर फ्रीस्टाइल, 100 मीटर फ्रीस्टाइल एवं 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर तीन स्वर्ण पदक हासिल किए। इसी प्रकार खिलेश्वर पटेल ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक तथा 50 मीटर फ्रीस्टाइल एवं 50 मीटर बैकस्ट्रोक में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, सुखनंदन निषाद ने 50 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में रजत पदक तथा 50 मीटर बैकस्ट्रोक में कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रकार कबीरधाम जिले के तीनों खिलाड़ियों ने संयुक्त रूप से 4 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 8 पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया।

अर्नब तूफान बे-मौसम बारिश से किसान परेशान



- कलेक्टर खुद खेतों में उतरकर किसानों को हुए नुकसान का लें जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में अर्नब तूफान का असर देखने को मिल रहा है। बेमौसम बारिश से किसान परेशान नजर आ रहे है। कलेक्टर तुलिका प्रजापति खुद खेतों में उतरकर किसानों को हुए नुकसान का जायजा ली हैं। किसानों की ओर से नुकसान का आंकलन कर, बीमा व सरकार की ओर से उचित मुआवजा राशि देने की मांग की गई है। वहीं प्रशासन की ओर से रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजे जाने की बात कही गई है। इस पर किसी भी तरह का निर्णय शासन स्तर पर लिया जाएगा। जो निर्णय होगा, निर्देश मिलेगा उसके हिसाब से कार्रवाई की जाएगी। बारिश ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। खासकर धान की फसल पूरी तरह से तैयार हो चुकी है, अब केवल काटने की देरी थी, बहुत से किसानों ने कटाई भी शुरू कर दी थी। जिनके धान खेत में रखे रह गए, उठाने का समय नहीं मिला। उन किसानों को ज्यादा नुकसान का अनुमान है।

वहीं खेतों में खड़ी फसल भी जमीन में गिर गई है। जिससे बाली के खेतों में भरे पानी में भीगने का डर बना हुआ है, जो बाद में काले पड़ जाते है। फिर किसानों को उसका सही दाम नहीं मिल पाता है। इसलिए किसानों की ओर से मांग की गई है कि किसानों के नुकसान का आंकलन कर, सरकार की ओर से उचित मुआवजा दियाजाना चाहिए। ताकि नुकसान की काफी हद तक भरपाई हो सके। प्रशासन की ओर से किसानों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

खबर संक्षेप

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण

कवर्धा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने एवं पुनरीक्षण कार्य के प्रेक्षण हेतु विक्रांत अंचल, डिप्टी कलेक्टर, जिला कार्यालय गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही को कबीरधाम जिले के लिए प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव द्वारा 23 अक्टूबर 2026 को पत्र जारी किया गया है। आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक के साथ समन्वय एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए चिरंजीव कुमार, जिला खनिज अधिकारी, कबीरधाम को लाईजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। उन्हें प्रेक्षक के आगमन, भ्रमण, ठहरने एवं सत्कार सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। लाईजनिंग ऑफिसर को निर्देशित किया गया है कि वे प्रेक्षक के जिले में आगमन एवं भ्रमण के दौरान निर्धारित दायित्वों का समुचित निर्वहन करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

देशभक्ति की धुनों से गूंजा वीर स्तम्भ शहीदों को नमन

कवर्धा। वीर स्तम्भ चौक पर पुलिस बैंड की देशभक्ति धुनों ने राष्ट्र प्रेम का माहौल बना दिया। राष्ट्र सेवा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस बैंड ने राष्ट्र गान, राष्ट्र गीत सहित देशभक्ति की धुनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को नमन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति थें।

पति-पत्नी के अटूट प्रेम व विश्वास का प्रतीक है करवा चौथ व्रतः पं प्रशांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में अखंड सौभाग्य एवं पति की दीर्घायु की कामना को लेकर महिलाओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ करवा चौथ का व्रत रखा। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक निर्जला उपवास रखकर भगवान गौरी-गणेश एवं चंद्रदेव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और अपने पति की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं खुशहाल दांपत्य जीवन की कामना की। ग्रामाचार्य पंडित प्रशांत शर्मा महाराज ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराई तथा उपस्थित महिलाओं को करवा चौथ व्रत की महिमा एवं धार्मिक महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि करवा चौथ का व्रत पति-पत्नी के अटूट प्रेम, विश्वास, समर्पण और आपसी रिश्तों की मजबूती का प्रतीक है। यह पर्व भारतीय संस्कृति और पारिवारिक परंपराओं में विशेष महत्व रखता है। उन्होंने बताया कि हिंदू धर्म में करवा चौथ विवाहित महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य एवं सुख-सौभाग्य की कामना के लिए रखा जाने वाला अत्यंत पवित्र व्रत है। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण के मार्गदर्शन में द्रौपदी ने पांडवों की रक्षा एवं संकटों के निवारण के लिए व्रत किया था। इस दिन महिलाएं भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश, कार्तिकेय एवं चंद्रदेव की पूजा करती हैं। सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर शाम को करवा चौथ की कथा सुनती हैं। रात्रि में चंद्रमा के दर्शन होने पर चंद्रदेव को अर्घ्य अर्पित करती हैं तथा पति का दर्शन कर उनके हाथों से जल ग्रहण करके व्रत का पारण करती हैं। करवा चौथ का पर्व केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पति-पत्नी के बीच प्रेम, विश्वास, त्याग और समर्पण के रिश्ते को भी मजबूत करने का संदेश देता है।

अर्नब तूफान से किसानों को भारी नुकसान सरकार तत्काल सर्वे कराकर उचित मुआवजा दे

- अब मुआवजा देने की जिम्मेदारी निभाए सरकार - रवि चंद्रवंशी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले में अर्नब तूफान के कारण फसलो को हुए नुकसान को लेकर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष रवि चन्द्रवंशी ने चिंता व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन से तत्काल राहत एवं उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है। तूफान और तेज हवाओं के चलते कई क्षेत्रों में धान की फसलों, सब्जियों, एवं अन्य संपत्तियों को नुकसान पहुंचने की स्थिति बनी है। पहले से ही खेती-किसानी की बढ़ती लागत और आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे किसानों के लिए प्राकृतिक आपदा ने नई मुसीबत खड़ी कर दी है। किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया है और प्रभावित परिवारों के सामने रोजी-रोटी एवं आर्थिक संकट का सवाल खड़ा हो गया है।

रवि चन्द्रवंशी ने कहा कि किसान पूरे साल मेहनत करके अपनी फसल तैयार करता है, लेकिन जब प्राकृतिक आपदा उसकी मेहनत को बर्बाद कर देती है, तब सरकार की जिम्मेदारी है कि वह किसान के साथ मजबूती से खड़ी हो। केवल आश्वासन देने से किसानों का नुकसान पूरा नहीं होगा, बल्कि उन्हें तत्काल आर्थिक सहायता देना आवश्यक है।

जिला किसान कांग्रेस ने शासन-प्रशासन के समक्ष निम्नलिखित मांगें रखी हैं

प्रभावित गांवों में तत्काल राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम भेजकर नुकसान का सर्वे कराया जाए, किसानों की फसल, सब्जियों एवं अन्य कृषि उपज को हुए नुकसान का उचित आकलन किया जाए, प्रभावित किसानों को नियमानुसार अधिकतम संभव मुआवजा एवं फसल क्षतिपूर्ति प्रदान की जाए, जिन परिवारों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें तत्काल आर्थिक सहायता दी जाए, सर्वे एवं मुआवजा वितरण की प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध हो, ताकि कोई भी प्रभावित परिवार सहायता से वंचित न रहे। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों और गरीब परिवारों की पीड़ा को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। प्रशासन तत्काल संज्ञान लेकर राहत कार्य शुरू करे और मुआवजा वितरण में अनावश्यक देरी न करे। किसान की मेहनत और उसकी आजीविका की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। आपदा की इस घड़ी में किसानों को कागजी कार्रवाई और सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं, बल्कि तत्काल राहत और न्याय मिलना चाहिए।

फिंगरप्रिंट व आधुनिक तकनीकों से अपराधियों की पहचान का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



अपराधों की विवेचना को अधिक वैज्ञानिक और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कबीरधाम पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को फिंगरप्रिंट और आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया।

गुरुवार को ट्रैफिक प्लाजा, कवर्धा में आयोजित कार्यशाला में घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने, फिंगरप्रिंट की पहचान एवं संरक्षण तथा तकनीकी प्रणालियों के उपयोग की जानकारी दी गई। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अजय कुमार यादव के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण में दुर्ग एवं राजनांदगांव रेंज के फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार भारती ने प्रशिक्षण दिया।

उन्होंने फिंगरप्रिंट डेवलपिंग किट के उपयोग, घटनास्थल से फिंगरप्रिंट प्राप्त करने, साक्ष्यों के सुरक्षित संकलन एवं विश्लेषण और संदिग्धों की पहचान की प्रक्रिया समझाई।

एनएएफआईएस और एमसीयू के उपयोग पर जोर

प्रशिक्षण में नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (एनएएफआईएस) एवं मेजरमेंट कलेक्शन यूनिट (एमसीयू) की कार्यप्रणाली और उपयोग की जानकारी दी गई। इनके माध्यम से फिंगरप्रिंट संबंधी रिकॉर्ड के सत्यापन, व्यक्तियों की पहचान और विवेचना को अधिक सटीक बनाने के तरीकों से अवगत कराया गया। साथ ही, वैज्ञानिक साक्ष्यों की महत्ता बनाए रखने, उनके उचित संरक्षण और विवेचना में तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया गया। कार्यशाला के संचालन में एमसीयू प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक चंद्रभूषण सिंह, सहायक उपनिरीक्षक शफीक कुरैशी, प्रधान आरक्षक मन्नू चंद्रवंशी और एनएएफआईएस प्रभारी चेतक नाथ योगी का विशेष योगदान रहा। कबीरधाम पुलिस द्वारा अपराध अनुसंधान में आधुनिक तकनीकों के उपयोग और साक्ष्य आधारित विवेचना को बढ़ावा देने के लिए ऐसे प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं।

घरों की साफ-सफाई व पुताई में जुटे ग्रामीण, दीपावली का उत्साह अभी से



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली पर्व की तैयारियां अभी से जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। गांवों में दीपावली का उत्साह और रौनक दिखाई देने लगी है।

ग्रामीण परिवार अपने घरों की साफ-सफाई, रंग-रोगन और पुताई के कार्य में जुट गए हैं। दीपावली हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है, जिसे पूरे देश में बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस पर्व को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह रहता है।

त्योहार के लगभग एक सप्ताह पहले से ही घरों में तैयारियां शुरू हो जाती हैं। महिलाएं घरों की सफाई में जुटी हैं, वहीं पुरुष घरों की पुताई और रंग-रोगन का कार्य कर रहे हैं। गांव के लगभग हर घर में साफ-सफाई का माहौल देखने को मिल रहा है। बाजारों में भी दीपावली को लेकर चहल-पहल बढ़ने लगी है। दीपावली का पांच दिवसीय पर्व खुशियों, उमंग और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। यह त्योहार लोगों के जीवन में नई ऊर्जा, सुख-समृद्धि और खुशियां लेकर आता है। ग्रामीणों को अब दीपावली के पावन पर्व का बेसब्री से इंतजार है।

करीब दो करोड़ की लागत से हो रहा निर्माण कार्य पूर्णता की ओर

जल्द मिलेगी सृजन चौपाटी की सौगात



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला मुख्यालय के हृदय स्थल में निर्माणाधीन सृजन चौपाटी का काम अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। निर्माण की रफ्तार में अब तेजी आई है। नगर पालिका ने दीपावली से पहले दुकान, गार्डन, पाथवे को शहरवासियों के लिए तैयार करने का लक्ष्य रखा है।

निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यह स्थान लोगों के लिए मनोरंजन, सैर-सपाटे और सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों का नया केंद्र बनेगा। नगर पालिका क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं और शहर के सौंदर्यीकरण से जुड़े कई विकास कार्य चल रहे हैं।

इसी कड़ी में नगर पालिका के सामने मुख्य मार्ग किनारे करीब दो करोड़ रुपए की लागत से व्यवस्थित सुंदर सृजन चौपाटी विकसित की जा रही है। इस परियोजना का निर्माण पिछले करीब दो वर्षों से जारी है। अभी , हाल के दिनों में निर्माण कार्य में तेजी आई है। वहीं अब यह लगभग 90 फीसदी तक पहुंच गया है।

दुकानों से लेकर उद्यान और ओपन ऑडिटोरियम तक की सुविधा

सर्व सुविधायुक्त सृजन चौपाटी को आकर्षक स्वरूप देने के लिए परिसर में कई सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। यहां दुकानें बनाई गई हैं, जहां भविष्य में व्यवसायिक गतिविधियां संचालित होंगी। परिसर में पाथवे तैयार किया गया है, जबकि एक हिस्से को उद्यान के रूप में विकसित किया गया है। यहां बैठने के लिए कुर्सियां लगाई जाएंगी, जिससे लोग परिवार के साथ समय बिता सकेंगे। दूसरे हिस्से में ओपन ऑडिटोरियम बनाया गया है, जहां अस्थायी मंच के माध्यम से सांस्कृतिक और अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। चौपाटी परिसर में फव्वारा भी बनाया गया है। इसके अलावा चारों ओर आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था की गई है, जिससे शाम के समय परिसर की सुंदरता और बढ़ेगी।



खबर संक्षेप

भगतपुर में धूमधाम से मनाई जाएगी सरदार पटेल जयंती

कोलेगांव। विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत भगतपुर में जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज के तत्वाधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की



151वीं जयंती भव्य एवं गरिमामय ढंग से मनाई जाएगी। इस अवसर पर आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडेय, पंडरिया विधायक भावना बोहरा, ललित चंद्राकर, लालजी चंद्रवंशी, सुरेश चंद्रवंशी, बैजनाथ चंद्राकर, मोतीराम चंद्रवंशी, नंदलाल चंद्राकर, राजेंद्र चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, श्रीमती अन्नपूर्णा चंद्राकर, बद्री प्रसाद वर्मा, दिनेश चंद्रवंशी, श्रीमती सुषमा चंद्रवंशी, मनहरण लाल चंद्राकर, अयोध्या चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, सतीश चंद्रवंशी, भगवती वर्मा, शिवकुमार वर्मा, तुलस कश्यप, हेमंत सिंगरौल, रामकुमार गबेल, पवन चंदेल, श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी, श्रीमती ज्योति चंद्राकर एवं कपिल चंद्राकर सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। यह भव्य आयोजन 31 अक्टूबर शनिवार को सुबह 11 बजे से ग्राम भगतपुर स्थित सरदार पटेल चौक में आयोजित किया जाएगा। जयंती समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा, जिसमें छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक गायिका अलका चंद्राकर अपनी शानदार प्रस्तुति देंगी। उनकी प्रस्तुति कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहेगी। कार्यक्रम का सौजन्य ग्राम पंचायत भगतपुर के सरपंच कपिल चंद्राकर द्वारा किया जा रहा है।

त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन दिसंबर 2026 के लिए शिकायतों के निराकरण हेतु अधिकारी नियुक्त

कवर्धा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के निर्देशों के परिपालन में त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन दिसंबर 2026 के दौरान प्राप्त होने वाली शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तर पर अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है। इसके तहत सुश्री प्रीति लारोकर,तहसीलदार संलग्न स्थानीय निर्वाचन कार्यालय, कबीरधाम को प्रभारी अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। प्रभारी अधिकारी निर्वाचन के दौरान प्राप्त शिकायतों का निर्वाचन नियमों के अनुरूप अध्ययन कर उनका निराकरण सुनिश्चित करेंगी। साथ ही शिकायतों से संबंधित समस्त पत्रों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करने की जिम्मेदारी भी निभाएंगी। प्रभारी अधिकारी को उनके कार्यों में सहयोग प्रदान करने के लिए श्रीमती शीतला चन्द्रवंशी, सहायक ग्रेड-3 जिला कार्यालय कबीरधाम की ड्यूटी लगाई गई है। इस संबंध में जारी आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों एवं बाल देखरेख संस्थाओं में चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान 6.0



कवर्धा। जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों एवं बाल देखरेख संस्थाओं में विशेष स्वच्छता अभियान 6.0 के तहत व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संस्थाओं एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के अंदर और बाहर सघन सफाई की गई। कमरों के साथ-साथ रसोईघर किचन की भी पूरी तरह से साफ-सफाई की गई। इस दौरान पुराने, टूटे-फूटे एवं अनुपयोगी सामानों का निस्तारण किया गया, ताकि बच्चों के खेलने और बैठने के लिए अधिक स्थान उपलब्ध हो सके। अभियान के दौरान उपस्थित माताओं एवं स्थानीय ग्रामीणों को भी स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया कि बच्चों को विभिन्न बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों के साथ-साथ घरों और आसपास के क्षेत्रों में भी साफ-सफाई बनाए रखना जरूरी है। स्वच्छ वातावरण बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और समुचित विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

कृषि विज्ञान केंद्र में कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण, जिले के सैकड़ो किसान हुए शामिल

किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त जारी, किसानों को मिले 22 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गुजरात के बनासकांठा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी की गई। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र कवर्धा में कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

इस अवसर पर जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए लगभग 200 किसान शामिल हुए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 24 लाख 59 हजार से अधिक किसानों के बैंक खातों में 498 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरित की गई।

वहीं कबीरधाम जिले के 1 लाख 13 हजार से अधिक किसानों के खातों में 22 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का हस्तांतरण किया गया। इस राशि से किसानों को कृषि संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री सुरेश चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार किसानों के विकास एवं उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने तथा कृषि क्षेत्र को लाभकारी बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्राकृतिक खेती एवं तिलहन मिशन जैसी योजनाओं को किसानों के लिए लाभकारी बताते हुए कहा कि इन योजनाओं से कृषि उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिल रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त प्राप्त होने पर किसानों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिले के सैकड़ों किसानों के साथ कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थें।

किसानों के बैंक खातों में राशि हस्तांतरित करने की व्यवस्था को सराहा



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि स्थायी समिति के सभापति रामकुमार भट्ट ने शासन की कृषक उन्नति योजना तथा प्रधानमंत्री द्वारा डिजिटल माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खातों में राशि हस्तांतरित करने की व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने किसानों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न कृषि एवं किसान कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र कवर्धा के डॉ बीपी त्रिपाठी ने केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने प्राकृतिक खेती के महत्व, उसकी पद्धतियों एवं किसानों के लिए इसके लाभों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के अंत में कबीरधाम जिले के उप संचालक कृषि अमित मोहंती ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम में शामिल अतिथियों एवं किसानों का अभार व्यक्त किया।

तीन दिवसीय कौशल बोध स्किल एक्सपो में अभ्युदय स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

- विज्ञान में प्रथम, गणित की जूनियर व सीनियर दोनों श्रेणियों में तृतीय स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रतिभा, नवाचार और कौशल का संगम बने तीन दिवसीय कौशल बोध स्किल एक्सपो के प्रथम दिन अभ्युदय स्कूल कवर्धा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल भाटापारा बलौदाबाजार में 28 से 30 अक्टूबर तक आयोजित इस एक्सपो में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के सीबीएसई विद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

आयोजन के पहले दिन विज्ञान एवं गणित मॉडल प्रतियोगिताओं में अभ्युदय स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विज्ञान परियोजना प्रदर्शनी में प्रथम स्थान तथा गणित की जूनियर और सीनियर दोनों श्रेणियों में तृतीय स्थान हासिल किया। विज्ञान परियोजना प्रदर्शनी की सीनियर श्रेणी में कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय के अनंत सिंह परिहार एवं हसनैन रजा खान ने स्मार्ट



रिमोट-कंट्रोल्ड लैंडमाइन डिटेक्शन व्हीकल नामक कार्यशील मॉडल प्रस्तुत किया।

रोबोटिक्स एवं ऑटोमेशन विषय पर आधारित इस अभिनव परियोजना के लिए दोनों विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनका मॉडल तकनीक के माध्यम से सुरक्षा संबंधी चुनौतियों के समाधान की दिशा में विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, तकनीकी समझ और नवाचार की क्षमता को दर्शाता है। इसी आयोजन में जहां एक ओर गणित मॉडल प्रदर्शनी की जूनियर श्रेणी में कक्षा सातवीं की आरना अग्रवाल एवं कक्षा आठवीं की ऋषिका गुप्ता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, गणित मॉडल प्रतियोगिता की सीनियर श्रेणी में कक्षा नौवीं के आदित्य अग्रवाल एवं मिर्जा अफसान बेग ने भी तृतीय स्थान हासिल किया।

इस प्रकार अभ्युदय स्कूल के विद्यार्थियों ने विज्ञान में प्रथम तथा गणित की जूनियर और सीनियर दोनों श्रेणियों में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कौशल बोध स्किल एक्सपो का उद्देश्य विद्यार्थियों को पारंपरिक किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर अपने कौशल, रचनात्मकता और व्यावहारिक क्षमताओं को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है।

विज्ञान एवं गणित मॉडल के अतिरिक्त इस आयोजन में रेडियो जॉकी, नुक्कड़ नाटक, कोलाज निर्माण, पारंपरिक नृत्य, ऑर्केस्ट्रा, ट्रेजर हंट, नवाचार प्रतियोगिता और अन्य गतिविधियां भी शामिल थीं। विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभागियों के बीच इस प्रकार की प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों को एक-दूसरे से सीखने, नए विचारों को समझने और अपनी क्षमताओं को निखारने का अवसर प्रदान किया।

दिवाली के पहले गन्ना बोनस देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना में गन्ना बेचने वाले किसानों ने शासन से दीपावली त्यौहार के पहले गन्ने का बोनस प्रदान करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि बोनस की राशि समय पर मिल जाने से वे अपने परिवार के साथ दीपावली का त्योहार खुशियों और उत्साह के साथ मना सकेंगे। किसानों के अनुसार अभी नई फसल की आमदनी नहीं हुई है। बरसात के बाद खेती-किसानी और घरेलू खर्च चलाना काफी मुश्किल हो रहा है। कई किसानों को छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी पैसों की व्यवस्था करने इधर-उधर भटकना पड़ता है। वहीं कुछ किसानों को घरेलू सामान खरीदने के लिए ब्याज पर पैसे लेने की मजबूरी भी बन जाती है। ऐसे में यदि शासन द्वारा दीपावली के पहले गन्ना किसानों को बोनस की राशि जारी कर दी जाती है तो उनके परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। किसान इस राशि से बच्चों के लिए कपड़े, घरेलू सामान और त्योहार की आवश्यक सामग्री खरीद सकेंगे।



मृदा स्वास्थ्य, प्राकृतिक खेती और जल संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में किसानों को आधुनिक, टिकाऊ एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों से जोड़ने के उद्देश्य से राष्ट्रव्यापी खेत बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। भारत सरकार एवं कृषि संचालनालय के निर्देशानुसार 30 नवंबर तक जिले के विभिन्न ग्रामों एवं विकासखंडों में सघन जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अभियान के माध्यम से किसानों को मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने, रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों का संतुलित उपयोग करने, प्राकृतिक खेती अपनाने तथा जल एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया जाएगा। अभियान के दौरान किसानों को खेती की लागत कम करने और उत्पादन एवं आय बढ़ाने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी जाएगी।

इसके तहत फसलों में जैविक खाद एवं जैव उत्पादों के उपयोग, फसल विविधीकरण और खाली पड़ी कृषि भूमि के बेहतर उपयोग पर विशेष जोर रहेगा। वहीं, फसल अवशेष (पराली) जलाने के बजाय उसके उचित प्रबंधन, जल संचयन, भूजल पुनर्भरण तथा ड्रिप और सप्रिंकलर जैसी आधुनिक सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों को अपनाने के लिए भी किसानों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

योजनाओं का लाभ लेने किसानों को किया जाएगा प्रेरित

अभियान के अंतर्गत किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं कृषि सेवाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। किसानों की फार्मर आईडी बनाने एवं उसे अद्यतन करने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड संतृप्ति अभियान तथा एकीकृत कीट प्रबंधन (आईपीएम) के संबंध में जानकारी देकर पात्र किसानों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कृषि विभाग ने जिले के सभी किसान भाइयों, जनप्रतिनिधियों, सरपंचों, उपसरपंचों, पंचों एवं महिला स्व-सहायता समूहों से अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है। विभाग ने किसानों से आयोजित प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों में शामिल होकर आधुनिक और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने तथा प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने का आह्वान किया है।

पटाखा दुकानों में अग्नि सुरक्षा के लिए एडवाइजरी जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में संचालित समस्त स्थायी एवं अस्थायी पटाखा दुकानों में आगजनी की घटनाओं की रोकथाम तथा जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय छत्तीसगढ़ सेक्टर-19 अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा आवश्यक एडवाइजरी जारी की गई है। इसके तहत पटाखा दुकानदारों को अग्नि सुरक्षा से संबंधित निर्धारित नियमों एवं सावधानियों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन नियामावली, 2021 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

जिला सेनानी द्वारा सभी पटाखा दुकानदारों से अपील की गई है कि वे निर्धारित अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करें। सुरक्षा नियमों की अनदेखी से आगजनी की घटनाओं का खतरा बढ़ सकता हैए जिससे जान-माल की क्षति होने की आशंका रहती है। अतः दुकानदार स्वयं सतर्क रहें तथा आम नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। प्रत्येक पटाखा दुकान में 5 किलोग्राम क्षमता का डीसीपी अग्निशमन यंत्र उपलब्ध होना चाहिए, ताकि आग लगने की स्थिति में तत्काल नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

दुकानों के सामने उचित अंतराल पर 200 लीटर क्षमता वाले पानी के ड्रम तथा आवश्यकता अनुसार बाल्टियों की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। पटाखा दुकानों के सामने बाइक एवं कार की पार्किंग नहीं की जानी चाहिए, ताकि आगजनी की स्थिति में बचाव एवं राहत कार्यों में बाधा उत्पन्न न हो। अग्निशमन विभाग एवं एम्बुलेंस के संपर्क नंबर दुकान परिसर में प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किए जाने चाहिए, जिससे आपात स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त की जा सके।

पटाखा दुकानों के लिए जारी प्रमुख दिशा-निर्देश

पटाखा दुकानें कपड़े, बांस, रस्सी, टेंट अथवा अन्य ज्वलनशील सामग्री से निर्मित नहीं होनी चाहिए। दुकानों का निर्माण अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड से किया जाना चाहिए। पटाखा दुकानों के बीच कम से कम 3 मीटर की दूरी रखना अनिवार्य होगा। दुकानों का निर्माण एक-दूसरे के ठीक सामने नहीं किया जाना चाहिए। दुकानों में प्रकाश की व्यवस्था के लिए तेल के लैंप, गैस लैंप अथवा खुली बिजली बत्ती का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। पटाखा दुकानों के 50 मीटर के दायरे में आतिशबाजी का प्रदर्शन नहीं किया जाना चाहिए। प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज अथवा सर्किट ब्रेकर की व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे शॉर्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंद हो सके। पटाखा दुकानें ट्रांसफार्मर के पास नहीं होनी चाहिए तथा उनके ऊपर से हाईटेंशन विद्युत लाइन नहीं गुजरनी चाहिए।

पुराना बस स्टैंड बने अस्थायी पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

त्यौहारी सीजन में शहर के बाजारों में खरीददारी करने के लिए लोगों की भीड़ बढ़ने लगी है। इसके चलते मुख्य बाजार में यातायात का दबाव बढ़ने और बार-बार जाम की स्थिति बनने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था करना जरूरी है। इसके लिए पुराने बस स्टैंड को चारपहिया वाहनों के लिए अस्थायी पार्किंग स्थल बनाया जा सकता है। इसके साथ ही शहर में संचालित टैक्सी स्टैंड को भी पुराने बस स्टैंड में स्थानांतरित करने की व्यवस्था की जाए। इससे मुख्य बाजार और प्रमुख सड़कों पर वाहनों की आवाजाही का दबाव कम होगा। त्यौहारी दिनों में लोग परिवार के साथ बाजार पहुंचते हैं और पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क किनारे वाहन खड़े करने पड़ते हैं।

पशुधन विकास विभाग की टीम द्वारा लगातार उपचार एवं फॉलोअप

कोदो पैरा विषाक्तता से प्रभावित पशुओं का उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के विकासखंड सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम सूरजपुरा एवं पिरचाटोला में कोदो पैरा विषाक्तता से प्रभावित पशुओं का पशुधन विकास विभाग द्वारा लगातार उपचार एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत से सूचना प्राप्त होने पर विभाग द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए 28 अक्टूबर से प्रभावित पशुओं का उपचार प्रारंभ किया गया, जो निरंतर जारी है। पशुधन विकास विभाग सहसपुर लोहारा की टीम द्वारा प्रभावित पशुओं को आवश्यक उपचार उपलब्ध कराने



के साथ नियमित फॉलोअप भी किया जा रहा है। वर्तमान में सभी प्रभावित पशुओं के स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है तथा पशुओं ने चारा-दाना खाना भी प्रारंभ कर दिया है। विभागीय जानकारी के अनुसार कुल 145 प्रभावित पशुओं का उपचार जारी है और उनकी लगातार निगरानी की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि 29 अक्टूबर को ग्राम सूरजपुरा में दो पशुओं की मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद प्रभावित सभी 145 पशुओं का उपचार एवं स्वास्थ्य निगरानी निरंतर जारी रखी गई है। पशुधन विकास विभाग की टीम द्वारा लगातार उपचार एवं फॉलोअप, प्रभावित पशुओं ने चारा-दाना खाना किया प्रारंभ कर दिया है, वहीं सभी 145 पशुओं के स्वास्थ्य में हो रहा सुधार

पशुपालको पशुओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें

विभाग के अनुसार उक्त दो पशुओं के अतिरिक्त उपचाराधीन 145 प्रभावित पशुओं में से किसी अन्य पशु की मृत्यु नहीं हुई है। पशुधन विकास विभाग की टीम द्वारा प्रभावित क्षेत्र में निरंतर उपचार एवं फॉलोअप कर पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। पशुपालकों से भी अपील की गई है कि वे अपने पशुओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें तथा किसी भी प्रकार के असामान्य लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी पशु चिकित्सा केंद्र से संपर्क करें।

इंदिरा गांधी महाविद्यालय में आस पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

मेरा युवा भारत कवर्धा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी राज पटेल के मार्गदर्शन में इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय पंडरिया में आस-पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम, नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन राजपूत तथा विशिष्ट अतिथि नवीन शासकीय महाविद्यालय कुण्डा की जनभागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष परषोत्तम निर्मलकर एवं यूथ आइकॉन सुश्री अदिती मिश्रा उपस्थित थें। कार्यक्रम में युवाओं ने युवा संसद के माध्यम से नशामुक्ति पर अपने विचार रखे। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों, उससे उत्पन्न होने वाली सामाजिक एवं पारिवारिक समस्याओं तथा युवाओं को नशे से दूर रखने के उपायों पर चर्चा की। साथ ही स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, समाज में जागरूकता फैलाने और विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के आयोजन एवं सफल संचालन में महाविद्यालय के प्राध्यापकों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर माय भारत यूथ वॉलंटियर्स सुनील चंद्रवंशी, सोनू साहू, रुद्रचरण यादव, रोहित रजक, गगन राजपूत, प्रकाश निर्मलकर, नागेश्वर कश्यप, भागवत निर्मलकर, अजय चंद्राकर, रामू सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

